BSES

साउथ और वेस्ट दिल्ली के उपभोक्ताओं को मिलेगा मासिक बिल

मंथली बिलिंग के फायदेः

- उपभोक्ता अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
- मोबाइल/ लैंडलाइन फोन, क्रेडिट कार्ड, केबल/ डीटीएच/लोन रीपेमेंट/ ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, उपभोक्ताओं को अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- बिल देखते ही उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे और उस हिसाब से अपनी खपत पर लगाम लगाना उनके लिए आसान होगा।

नई दिल्लीः 8 फरवरी, 2013। साउथ और वेस्ट दिल्ली में रहने वाले बिजली उपभोक्ताओं को मार्च महीने से मासिक बिल मिलना शुरू हो जाएगा। घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक– सभी श्रेणियों के सिंगल फेज उपभोक्ताओं को अब हर माह बिजली का बिल मिलेगा। अब तक उन्हें दो माह पर बिल मिलता था।

द्वैमासिक बिल पर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सुविधाओं को मासिक बिल में भी जारी रखा जाएगा। जैसे– पहले की तरह अब भी उन्हें बिल भुगतान करने के लिए 15 दिनों का वक्त मिलेगा, और एलिजिबल (योग्य) उपभोक्ताओं को सब्सिडी, व टैरिफ स्लैब संबंधी लाभ भी मिलते रहेंगे।

मासिक बिल शुरू करने से पहले बीआरपीएल ने दुनियाभर की नामी बिजली कंपनियों के बिलिंग पैटर्न का अध्ययन किया, जिसमें पता चला कि ज्यादातर कंपनियां अपने ग्राहकों को मासिक आधार पर बिल उपलब्ध करा रही हैं। साउथ और वेस्ट दिल्ली के कई उपभोक्ताओं ने भी बीआरपीएल से मंथली बिलिंग सेवा शुरू करने की मांग की थी।

द्वैमासिक की जगह मासिक बिलिंग पैटर्न अपनाने के बारे में बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना ने कहा– साल में 6 बिलों की जगह 12 बिल मिलने से साउथ और वेस्ट दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए, अपने मासिक खर्च और बिजली खपत का बेहतर प्रबंधन कर पाना आसान होगा। इस पहल से उपभोक्ताओं को अपने मासिक बजट के हिसाब से अपनी बिजली खपत को नियंत्रित कर पाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को द्वैमासिक बिल पर मिलने वाली तमाम सुविधाएं अभी भी जारी रहेंगी।

मंथली बिलिंग के फायदेः

1. उपभोक्ता अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
2. मोबाइल/ लैंडलाइन फोन, क्रेडिट कार्ड, केबल/ डीटीएच/लोन रीपेमेंट/ ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, उपभोक्ताओं को अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
3. बिल देखते ही उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे और उस हिसाब से अपनी खपत पर लगाम लगाना उनके लिए आसान होगा।

ताकि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के भुगतान में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए बीआरपीएल मार्च महीने से शनिवार को भी बिल भुगतान की सुविधा मुहैया कराने जा रही है। साउथ और वेस्ट दिल्ली के उपभोक्ता अब शनिवार को सुबह नौ बजे से दोहपर बाद तीन बजे तक, बीआरपीएल बिल भुगतान केंद्रों पर अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। कंपनी के ऑटोमैटिक बिल कियॉस्क्स पर सप्ताह के सातों दिन, सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक कभी भी बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है। बिल भुगतान के अन्य विकल्पों के लिए कृपया बीएसईएस की वेबसाइट **www.bsesdelhi.com** चेक करें।